प्रेस प्रकाशनी **PRESS RELEASE**

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

30 नवंबर 2022

भारतीय रिज़र्व बैंक और वित्तीय सेवा एजेंसी, जापान ने केंद्रीय प्रतिपक्षकारों के क्षेत्र में सहयोग पत्र का आदान-प्रदान किया

भारतीय रिज़र्व बैंक और वित्तीय सेवा एजेंसी (एफ़एसए), जापान ने आज आपसी सहयोग में सुधार के उद्देश्य से केंद्रीय प्रतिपक्षकारों (सीसीपी) के क्षेत्र में सहयोग पत्रों का आदान-प्रदान किया।

सहयोग पत्रों के आदान-प्रदान से, भारतीय रिज़र्व बैंक और एफएसए दोनों देशों के बीच संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने तथा सूचनाओं के आदान-प्रदान को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारतीय रिज़र्व बैंक और एफएसए ने सामान्य हित और चिंताओं के बारे में उचित रूप से वार्तालाप करने तथा विचारों के आदान-प्रदान पर सहमति व्यक्त की। ये पत्र दोनों देशों के संबंधित विधियों और विनियमों के अनुरूप सहयोग बढ़ाने में दोनों देशों के हित की पुष्टि करते हैं।

ये पत्र सीमापारीय संदर्भ में सीसीपी गतिविधियों से संबंधित आपसी समझ और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक मजबूत आधार भी प्रदान करेंगे। यह सहयोग पारस्परिक रूप से लाभप्रद होगा और दोनों देशों में वित्तीय बाजारों की सुदृढ़ता सुनिश्चित करेगा।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/1283